‘रोज़ शो-2023’

चर्चा में क्यों?

26 फरवरी, 2023 को राजस्थान की राजधानी जयपुर में हॉट डेस्टिनेशन बन चुके सिटी पार्क में द रोज़ सोसाइटी ऑफ राजस्थान की ओर से 48वें ‘रोज़ शो-2023’ का आयोजन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- प्रदेश के आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि देश-दुनिया में मशहूर हो चुका सिटी पार्क 400 किस्म के गुलाबों की खुशबू से गुलज़ार रहा। द रोज़ सोसाइटी ऑफ राजस्थान की ओर से आयोजित 48वाँ रोज़ शो ने न केवल स्थानीय बल्कि बाहर से आने वाले पर्यटकों को भी आकर्षित किया।
- उन्होंने बताया कि आमजन में सिटी पार्क की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सोसायटी ने फरवरी माह में आयोजित होने वाले ‘रोज़ शो’ को हर वर्ष सिटी पार्क में ही आयोजित करने का फैसला किया है।
- ‘रोज़ शो-2023’ में आमजनों ने भी उन्नत किस्म के गुलाब की कलम के साथ हिस्सा लिया। अच्छे गुलाबों की किस्मों को सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा पेंटिंग कंपीटीशन सहित कई अन्य रचनात्मक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए।
- प्रदर्शनी में नीलकमल, ट्यूलिप, होम गार्डन नर्सरी द्वारा विभिन्न प्लांट्स का भी प्रदर्शन किया गया। शो में ग्रुप 1 से 3 में 400 से ज्यादा किस्म के रंग-बिरंगे गुलाबों का प्रदर्शन किया गया तथा बेहतरीन किस्म के गुलाब के लिये सम्मानित भी किया गया।
- कार्यक्रम में एंपरर ऑफ द शो का पुरस्कार सचिव जेडीए, एंप्रेस ऑफ द शो माया बालान, किंग ऑफ द शो रामचंद्र सैनी, क्वीन ऑफ द शो सचिव जेडीए, प्रिंस ऑफ द शो रामलाल, प्रिंसेस ऑफ द शो माया बालान एवं बेस्ट एक्जिबिटर ऑफ द शो होटल रामबाग पैलेस को दिया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rose-show-2023-1